विश्वास की यात्रा

कोर्स

स्वागतम:

प्रतिभागियों की गाइड

प्रतिभागियों की हैंडबुक

1. परिचय

विश्वास की यात्रा कोर्स में रजिस्टर करके आप ने बहुत अच्छा किया है। हमें उम्मीद है कि यह एक समृद्ध अनुभव होगा।

2. कोर्स किस बारे में है?

कोर्स के अंत में आप जानेंगे:

- मसीही धर्म की शिक्षाओं और प्रथाओं को जानना।
- अपने विश्वास के विकास के बारे में सोचना और सीखना।
- यह पहचानना कि आपकी शिष्यता किस दिशा में जा सकती है।
- आपने थियोलॉजिकल शिक्षा का पहला चरण पूरा कर लिया होगा जो लाइसेंस प्राप्त मिनिस्ट्री के प्रशिक्षण की एक शर्त है।

3. कोर्स की सामग्री

सत्र 1 **विश्वास की खोज**

इस मॉड्यूल में पुराने नियम का परिचय शामिल किया गया है। हम इस बात पर विचार करते हैं कि पुराना नियम कैसे बना, पुराने नियम की दुनिया का संदर्भ और उसमें बताए गए पात्रों के बारे में।

सत्र 2 **परमेश्वर का बुलावा और हमारी प्रतिक्रिया**

इस मॉड्यूल में हमारी अपनी विश्वास यात्रा पर विचार करने का अवसर शामिल है। हम अपने जीवन और अपने समुदायों में परमेश्वर की उपस्थिति पर विचार करने के तरीके भी खोजते हैं। हम अध्ययन करते हैं कि लोगों ने परमेश्वर के बुलावे पर कैसे प्रतिक्रिया दी और इसका हमारे लिए क्या मतलब हो सकता है।

सत्र 3 **मसीही सिद्धांत**

नए नियम के अवलोकन से शुरू करके, हम नए नियम की अवधि के दौरान चर्च के मुख्य विषयों और विकास को देखते हैं। हम मसीही सिद्धांतों के विकास का अध्ययन करते हैं और चर्च और हमारी प्रतिक्रिया के लिए परमेश्वर के बुलावे को नए सिरे से सुनते हैं।

4. प्रशासन

यह कोर्स लीसेस्टर डायसीस द्वारा प्रशासित है। उपयोगी संपर्क हैं:

कोर्स कोआर्डीनेटर	लिज रॉलिंस liz.rawlings@leicestercofe.org 07947 533739
कोर्स एडमिनीस्ट्रेटर	क्लेयर स्टेपलटन claire.stapleton@leicestercofe.org 0116 2615317
स्थानीय संयोजक	आपके समूह के अगुवे इंडक्शन दिवस पर अपना परिचय देंगे

5. मूल्यांकन

यह कोर्स आपके लिए इस तरह से सीखने के लिए बनाया गया है जो आपको सूट करे और यह कोई औपचारिक मूल्यांकन नहीं है। यह उम्मीद की जाती है कि आप प्रत्येक सत्र के लिए निर्धारित तैयारी करेंगे और सामूहिक कार्य में भाग लेंगे। यदि आप किसी सत्र में शामिल नहीं हो पा रहे हैं या किसी विशेष कठिनाई का सामना कर रहे हैं, तो अपने कोर्स ट्यूटर को बताएं – वे आपकी सहायता के लिए हैं।

5.1 असाइनमेंट

प्रत्येक मॉड्यूल में कई असाइनमेंट होते हैं जो एक निबंध, एक प्रोजेक्ट या प्रस्तुति के रूप में हो सकते हैं। ये वैक्लपिक हैं लेकिन हम आपको इन्हें आज़माने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। अगर आप आगे की पढ़ाई करना चाहते हैं, तो आपको कम से कम एक असेसमेंट लिखित निबंध के रूप में सबमिट करना होगा।

5.2 असाइनमेंट की मार्किंग

आपके असाइनमेंट को ग्रेड नहीं दिया जाएगा, लेकिन ट्यूटर आपके काम पर कमेंट करेंगे।

क्या व्यक्ति ने:

- सवाल का जवाब दिया है
- विषय की समझ दिखाई है
- अपने अनुभव और विश्वास की यात्रा का इस्तेमाल किया है
- सामग्री को एक सही क्रम में व्यवस्थित किया है
- अपनी बात को सपोर्ट करने के लिए सबूतों का सही इस्तेमाल किया है
- लिखित सामग्री को सही फॉर्मेट में पेश किया है, जहाँ जरूरी है वहाँ रेफरेंस दिए हैं

6. पाथवेस वर्कबुक

यह सीखने और सोचने–समझने के लिए एक मुख्य मदद है। अगर आप भविष्य में फॉर्मल मिनिस्ट्री में जाना चाहते हैं, तो यह चुनाव प्रक्रिया के लिए एक उपयोगी आधार प्रदान कर सकता है। यह ऐसी वर्कबुक नहीं है, जिसे एक बार में पूरा करना है, बल्कि इसे पूरे कोर्स के दौरान विकसित और एक्सप्लोर करना है।

7. पढ़ाई की बुनियादी बातें

हम में से कई लोगों ने कुछ समय से पढ़ाई नहीं की है, या बिल्कुल नहीं की है, और यह असामान्य नहीं है कि पहले कुछ सेशन में सीखने में काफी मुश्किल हो सकती है। कुछ आसान नुक्ते:

1. **तैयार रहें:** ज़िंदगी की भागदौड़ में सेशन से पहले पढ़ने के लिए समय निकालना मुश्किल हो सकता है, लेकिन इसका फायदा जरूर मिलेगा। हर हफ्ते के तैयारी सेक्शन में कुछ पढ़ने की सामग्री होगी और ''डिगिंग डीपर'' सेक्शन में कुछ वैक्लपिक रीडिंग होगी।

2. **खुद को समय दें** – जब आप कोई मॉड्यूल शुरू करते हैं तो अपनी डायरी देखना, एक अच्छा विचार है ताकि आप तैयारी के समय की योजना बना सकें। सुनिश्चित करें कि आपके परिवार और दोस्तों को पता हो कि आप यह कोर्स कर रहे हैं ताकि वे आपका सहयोग कर सकें।
3. **पूछने से डरे नहीं** – अगर आपको हैंडबुक में दी गई सामग्री समझ में नहीं आती है, तो जरूर पूछें। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि आपके कितने साथी प्रतिभागी इसके लिए आपको धन्यवाद देंगे!
4. **मज़े करें** – पढ़ाई हमारे दिमाग को फैलाती है और उत्तेजित करती है; यह हमें नए विचारों, नए लोगों और दुनिया को देखने के नए तरीकों के संपर्क में लाती है; यह हमें चुनौती देती है और व्यक्ति के रूप में विकसित होने में हमारी मदद करती है। यह एक गंभीर काम है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमें गंभीर होना है।

7.1 आपका सीखने का तरीका क्या है?

अपने सीखने के तरीके को जानना बहुत मददगार हो सकता है – यह आपको बता सकता है कि आप किन तरीकों से बहुत आसानी से सीखते हैं, और आपको कहाँ मुश्किल हो सकती है।

कल्पना कीजिए कि आप फ्लैट–पैक्ड फर्नीचर का एक टुकड़ा जोड़ने वाले हैं। आप सबसे पहले क्या करते हैं?

- निर्देश ढूंढें, और उन्हें अच्छी तरह से पढ़ते समय एक कप चाय बना लें।
- निर्देश ढूंढें, सभी हिस्सों को गिनें, सुनिश्चित करें कि आपके पास उपकरणों के रूप में आपकी ज़रूरत की सभी चीजें हैं, फिर सभी हिस्सों को देखते हुए निर्देश पढ़ें।
- फर्नीचर को एक साथ जोड़ना शुरू करें, जब/अगर आपको ज़रूरत हो तो निर्देशों को देखें

दिलचस्प बात यह है कि लोगों के किसी भी समूह में, आपको ऊपर बताए गए तरीकों का मिश्रण मिलेगा, फिर भी वे सभी *एक ही समस्या के समाधान है:* बहुत सारे हिस्सों को मिलाकर एक बुककेस बनाना। इसे करने का कोई ''सही तरीका''नहीं है।

सीखने के तरीकों को मोटे तौर पर निम्नलिखित तरीकों से बताया जा सकता है – आपको क्या लगता है कि आपका तरीका क्या है और इसका आपके लिए क्या मतलब हो सकता है?

देखना	सुनना	कार्य करना
क्या आपको बहुत देर तक सुनना पसंद नहीं है?	क्या आप बातचीत सुनकर सबसे अच्छा सीखते हैं?	क्या आप कुछ करके बहुत अच्छा सीखते हैं? कोशिश करके।
क्या आप तस्वीरों और अपनी कल्पना का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं?	क्या आप पढ़कर अच्छी तरह सीखते हैं?	क्या आपको लंबे लेख पढ़ना थकाऊ और मुश्किल लगता है?
क्या आप आमने–सामने की मीटिंग पसंद करते हैं?	क्या आप ज़ूम मीटिंग पसंद करते हैं?	क्या आप किसी गतिविधि को सांझा करके बहुत अच्छे से काम करते हैं?

7.2 समूह कैसे काम करते हैं

समूहों में सीखना एक समृद्ध और चुनौतीपूर्ण अनुभव है!

यह समृद्ध है क्योंकि...

हम एक–दूसरे से और एक–दूसरे के साथ सीखते हैं।

हम अपने ज्ञान और अनुभवों को साझा कर सकते हैं।

हम सहायता दे और ले सकते हैं।

हम एक साथ कुछ बनाने का हिस्सा बन सकते हैं।

हम सीखने की यात्रा साझा कर सकते हैं।

यह चुनौतीपूर्ण है क्योंकि...

हम समूह के अन्य सदस्यों को चुनौती दे सकते हैं और उनसे चुनौती मिल सकती है।

हम धर्मशास्त्र को अलग–अलग तरीकों से व्यक्त होते हुए सुनेंगे।

हमें लग सकता है कि हमारी अंदरूनी मान्यताओं पर सवाल उठाया जा रहा है।

हो सकता है कि हमें समूह में हर कोई पसंद न आए

समूह ट्यूटर कैसे काम करते हैं

समूह ट्यूटर न केवल समूह को सामग्री के माध्यम से मार्गदर्शन करेगा, बल्कि समूह के सदस्यों को भाग लेने और ऐसे प्रश्न पूछने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा जो सीखने को बढ़ावा देते हैं और उसका विस्तार करते हैं।

सीखने वाले समूह के लक्ष्य हैं:

एक–दूसरे को सीखने में मदद करना।

एक–दूसरे को आलोचनात्मक और सोच–समझकर सोचने में मदद करना।

एक–दूसरे को प्रतिभा और बुलावे का पता लगाने में मदद करना।

और शायद नए दोस्त बनाने के लिए।

7.3 असाइनमेंट लिखना

असाइनमेंट का मकसद यह दिखाना है कि आपने क्या सीखा है। यह इन तरीकों से किया जाता है:

- पूछे गए सवाल का जवाब देना
- मॉड्यूल में आपने जो सीखा है, उसका इस्तेमाल करना
- दूसरे लोग क्या सोचते हैं, जो आप अपने शोध से इकट्ठा करेंगे, उसका इस्तेमाल करना
- विषय के बारे में आपका अनुभव
- ऊपर दी गई बातों के आधार पर आप किन नतीजों पर पहुंचते हैं।

प्रक्रिया शुरू करना

- **सवाल पढ़ें।** जवाब देने के बारे में सोचने से *पहले*, पक्का करें कि आपको पता है कि सवाल क्या पूछ रहा है।
- पढ़कर और दूसरों से बात करके विषय पर कुछ शोध करें।
- सवाल पर अपनी खुद की प्रतिक्रिया के बारे में सोचें।
- अपने काम को आकार देने के लिए सवाल के सबटाइटल लिखें।
- अपने शोध और अपनी सोच से सभी चीज़ों को संबंधित हेडिंग के तहत लिखें। इसे किसी भी क्रम में रखने की चिंता न करें, बस वह सब कुछ लिख दें जो आप लिख सकते हैं।
- अब आप अपने विचारों को सबहेडिंग के साथ व्यवस्थित करना शुरू कर सकते हैं, जो आप कहना चाहते हैं उसकी एक डोरी बनेगी। भले ही आप फाइनल पेपर में हेडिंग का इस्तेमाल नहीं कर रहे हों, वे आपका मार्गदर्शन कर सकती हैं और आपके काम को एक सुसंगत क्रम में रख सकती हैं। आपको अपने पाठक को एक बिंदु से दूसरे बिंदु तक पहुंचने में मदद करनी होगी।
- इस बारे में सख्त रहें कि आपके काम में क्या होना चाहिए। क्या यह सवाल का जवाब देने में मदद करता है? अगर नहीं, तो इसे हटा दें।
- जैसे—जैसे आप लिखते जाएं, आपने जो लिखा है उसे दोबारा पढ़ें और देखें कि वहां क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए।
- किसी और से इसे पढ़वाएं ताकि यह पता चल सके कि यह तार्किक तरीके से एक साथ जुड़ा हुआ है या नहीं।

अपने तर्कों का समर्थन करना

धर्मशास्त्र परमेश्वर के बारे में अध्ययन/ज्ञान/सोच है। किसी और के पास कभी भी वह अंतर्दृष्टि नहीं होगी जो आपके पास है — किसी और के पास कभी भी आपके द्वारा किए गए काम के अनुभवों जैसा अनुभव नहीं होगा। आपका काम अद्वितीय और मूल्यवान है।

लेकिन आपको यह साबित करने की ज़रूरत है कि आप क्या सोचते हैं। दूसरे शब्दों में, आपको अपने तर्कों का समर्थन करने की ज़रूरत है, यह बताने के लिए कि आप जो कह रहे हैं वह क्यों कह रहे हैं। ऐसा करने के लिए समय निकालने का मतलब है कि आपका काम बहुत मज़बूत होगा।

इस तरह के काम में कुछ आम समस्याएं हैं:

1. यूनीवर्सल कथन

यूनीवर्सल कथन वह होता है जो किसी विशेष श्रेणी की सभी चीजों को शामिल करता है। ''सभी मसीही मानते हैं, ''हर लेखक जानता है...''

इसके विपरीत सिर्फ एक उदाहरण देना ही काफी है, और आपका तर्क गिर जाएगा। ऐसा कहने से आपका तर्क कहीं अधिक मज़बूत होगा, ''अकिधतर मसीही मानते हैं...'' या ''एंग्लिकन कम्युनियन के भीतर, यह आमतौर पर माना जाता है कि...''

2. सामान्य ज्ञान के तर्क – या भीड़ से तर्क

यह उस तरह का तर्क है जो समाज में सहमति पर निर्भर करता है – ''हर कोई जानता है कि चोरी करना गलत है'', ''हर कोई जानता है कि स्कूल बच्चों के लिए अच्छा है'' और ऐसे ही कई और। यह तर्क भी ऊपर वाले तर्क जैसी ही समस्याओं से ग्रस्त है (क्योंकि यह पूरी दुनिया से समर्थन मांग रहा है)–यह मान लेता है कि जिस बात पर ''हर कोई'' सहमत है, वह सही ही होगी।

3. मान्यताएँ

पाठक को ज्ञानवान या समझदार मान लेने का मतलब यह हो सकता है कि आप अपने काम से महत्वपूर्ण बिंदुओं को छोड़ दें, और इसलिए आपके तर्क उतने अच्छे से समर्थित नहीं होते जितने हो सकते थे। इससे बचने का सबसे अच्छा तरीका यह मानना है कि आपका काम कोई ऐसा व्यक्ति पढ़ेगा जिसे विश्वास की यात्रा कोर्स के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

4. ऐसे तर्क जिनका कोई आधार न हो

अगर आप किसी तथ्य के बारे में कोई बयान देते हैं, जैसे ''यूहन्ना का सुसमाचार वर्ष x में लिखा गया था'', तो यह बताना मददगार होगा कि आपको यह कैसे पता चला– इसलिए अपने स्रोत का हवाला दें। एक उदाहरण है,– ''बागवानी का रूपक, एक पैरिश शिक्षक के लिए जाना–माना रूपक है, (एस्टली 2000)'' (किताब के बारे में पूरी जानकारी काम के अंत में दी गई है)।

5. आवाज़ की गलती

विश्वास की यात्रा कोर्स में ''मुझे लगता है'' या ''मेरा मानना है'' कहना न केवल स्वीकार्य है, ऐसा किए बिना आप आवश्यक काम लिख ही नहीं सकते।

लेकिन आपको अपने ट्यूटर्स को यह बताना होगा कि आप कब व्यक्तिगत विश्वास का बयान दे रहे हैं, ''मेरा मानना है कि सभी मसीहीयों को...'' या आप किसी और के बारे में बात कर रहे हैं, ''टॉम राइट का दावा है कि...।'' *ये दोनों ही मान्य बयान हैं।* लेकिन यह स्पष्ट होना चाहिए कि यह कौन कह रहा है, वह बयान किस पर आधारित है और यह कहाँ से आया है।

7.4 प्रभावी पठन

शैक्षणिक ग्रंथों को पढ़ना, मान लीजिए, उपन्यास पढ़ने जैसा नहीं है। जब किताबों की सूची, या यहाँ तक कि एक ही किताब को देखते हैं, तो पूरी किताब पढ़ना जरूरी नहीं है। शुरू करने के लिए:

1. किताब का सर्वेक्षण करें

- सामग्री सूची पढ़ें
- तय करें कि कौन से अध्याय प्रासंगिक लगते हैं और पृष्ठ संख्याओं को नोट करें
- यदि आप एक से अधिक किताबें पढ़ रहे हैं– तो इस बिंदु पर आगे बढ़ें। हो सकता है कि अगली किताब जो आप खोलें वह कहीं अधिक उपयोगी हो।

2. किताब पर सवाल उठाएँ

- लेखक का स्पष्ट दृष्टिकोण क्या है– जैसे क्या उसका कोई निजी स्वार्थ है? क्या मैं पहले से मौजूद अपनी राय के लिए समर्थन ढूंढ रहा हूँ?
- क्या यह नई किताब है – क्या यह अप–टू–डेट है? या यह कोई क्लासिक है?
- ध्यान दें– आप किसी किताब/लेखक से असहमत हो सकते हैं!

3. संबंधित किताब के पैराग्राफ को अधिक ध्यान से पढ़ें

4. नोट्स लें

5. देखें कि यह आपके द्वारा बनाए जा रहे तर्क में कैसे फिट होगा।

- क्या यह आपके तर्क को सहयोग करता है?
- क्या यह आपके तर्क से असहमत है? (इसका मतलब यह नहीं है कि आपको इसे छोड़ देना है– आप कह सकते हैं "हालांकि, जो ब्लॉग्स ने यह चुनौती भरा पॉइंट उठाया है कि...)" फिर आप अपनी राय से इसका जवाब दे सकते हैं और बता सकते हैं कि आप जो ब्लॉग्स से क्यों असहमत हैं ।
- तय करें कि आप इसका ज़िक्र करेंगे या नहीं।
- साहित्यिक चोरी से बचें – अगर आप किसी किताब से हवाला ले रहे हैं तो आपको यह स्पष्ट करना होगा।

7.5 पढ़ने से नोट्स लेना

सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाले तीन तरह के नोट्स हैं:

1. **समरी नोट्स**– ये असल समग्री का एक छोटा प्रारूप होते हैं। इन्हें सही वाक्यों में लिखा जाता है। अधिकतर छात्र नोट्स बनाते समय इसी स्टाइल को अपनाते हैं, लेकिन अगर सावधान न रहें, तो वे पूरे अध्याय ही दोबारा लिख देते हैं!
2. **स्केलेटन नोट्स:** ये सेशन या पढ़ने से लिए गए रफ, छोटे नोट्स होते हैं। नोट्स बनाने की स्पीड बढ़ाने और नोट्स को दोबारा पढ़ना आसान बनाने के लिए एब्रिविएशन, नंबरिंग, अंडरलाइनिंग, वाक्यांशों का इंडेंटेशन और दूसरे तरीकों का इस्तेमाल किया जाता है। नोट्स का लेआउट महत्वपूर्ण है ताकि बाद में उन्हें समझा जा सके।
3. **डायग्रामेटिक नोट्स:** इन नोट्स को अलग–अलग तरह से स्प्रे डायग्राम, कॉन्सेप्ट–ट्री सिस्टम और, टोनी बुजान द्वारा सबसे मशहूर रूप से, माइंड मैप्स के रूप में बताया जाता है।

अगर आप कुछ कोट करना चाहते हैं तो आपको इसे अपने नोट्स में शब्द–दर–शब्द रिकॉर्ड करना होगा– इसे स्पष्ट करने का तरीका सोचें और इसके बगल में यह भी नोट करें कि यह किसने कहा और कहाँ, ताकि आप इसे अपने काम में ठीक से हवाला दे सकें।

7.6 रेफरेंसिंग (संदर्भ)

अपने असाइनमेंट में आपको यह स्पष्ट करना होगा कि आपके अपने विचार क्या हैं और आप क्या बता रहे हैं। जब आप टेक्स्ट में किसी दूसरे स्रोत को बताते हैं, तो आपको उसे फुटनोट या ब्रैकेट में संदर्भ के साथ बताना होगा और फिर बिब्लियोग्राफी में स्रोत का विवरण देना होगा। उदाहरण के लिए:

यह दावा किया गया है कि यूहन्ना का सुसमाचार सुकरात ने लिखा था (ब्लॉग्स. जे 2019)

या

यह दावा किया गया है कि यूहन्ना का सुसमाचार सुकरात ने लिखा था [1]

---

1. ब्लॉग्स जे (2019) गॉस्पेल आफ जॉन – एक और व्याख्या लीसेस्टर, लूनी पब्लिशर्स

बिब्लियोग्राफी में स्रोत दर्ज करना।

अगर आपने कोई संदर्भ दिया है, तो आपको अपने बिब्लियोग्राफी में स्रोत को इस फॉर्मेट का इस्तेमाल करके दर्ज करना होगा:

किताब से संदर्भ:

लेखक, (प्रकाशन की तारीख) <u>शीर्षक</u> (या शीर्षक इटैलिक्स में – इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, बस निरंतरता रखें!), प्रकाशन का स्थान, प्रकाशक

आर्मस्ट्रांग, के. (2000). द बैटल फॉर गॉडः फंडामेटलिज़्म इन जूडाइज़्म, क्रिस्चीयेनीटी एंड इस्लाम। हैमरस्मिथ, लंदन, हार्परकॉलिन्स पब्लिशर्स।

किसी जर्नल या अखबार से संदर्भ

लेखक, (तारीख), "लेख का शीर्षक कोटस चिह्नों में", जर्नल, आदि। शीर्षक या, फिर से, इटैलिक्स में, वॉल्यूम नंबर, अंक नंबर, पृष्ठ

बुरैक, ई. (1999).''स्पिरटचुएलीटी इन द वर्कप्लेस।''<u>जर्नल ऑफ ऑर्गनाइजेशनल चेंज मैनेजमेंट</u> 12:04:280–291.

किसी पुस्तक के अध्याय से संदर्भ

लेख का लेखक, (तारीख), लेख का शीर्षक (या कोट चिह्नों में) <u>पुस्तक का शीर्षक</u> या *फिर से इटैलिक्स मे,* पुस्तक के लेखक, प्रकाशन का स्थान, प्रकाशक, लेख के पृष्ठ (पुस्तक में यह किन पृष्ठों पर है)।

एस्टली, जे. (1992). ग्रोइंग इनटू क्राईटः द सायकोलाजी एंड पोलीटिक्स आफ क्रिस्चीयन मैच्योरिटी। <u>द कोनटोर्स आफ क्रिस्चीयन एजूकेशन</u>। जे. एस्टली और डी. डे। ग्रेट वेकरिंग, मैकक्रिमोन पब्लिशिंग कंपनी लिमिटेडः 307–322.

किसी वेबसाइट से संदर्भ

लेखक, तारीख, वेबपेज का शीर्षक, जिस तारीख को आपने पेज एक्सेस किया, यूआरएल

लियो XIII, 1879, एटर्नी पैट्रिस, एक्सेस की तारीख 14 अगस्त, 2000, यूआरएल
www.listserv.aremican.edu/catholic.church/papal-html

7.8 साहित्यिक चोरी

साहित्यिक चोरी का मतलब है किसी और के काम का इस्तेमाल करना और उसे अपना बताकर पेश करना। इसका मतलब है दूसरे लोगों के काम को शब्द दर शब्द कॉपी करना, या उसे अपना बताने के इरादे से उसमें मामूली बदलाव करना... समस्या तब होती है जब आप पूरे वाक्य या पैराग्राफ को यह बताए बिना दोबारा लिखते हैं कि ये उद्धरण अर्थात कोटेशनस हैं या आपके मूल स्रोत से पैराफ्रेज किए गए हैं।[1]

साहित्यिक चोरी अनजाने में हो सकती है; यह खराब नोट्स लेने या अपने विचारों को अपने शब्दों में व्यक्त करने के लिए पर्याप्त आत्मविश्वास न होने के कारण हो सकता है। निबंध जांचने वाले साहित्यिक चोरी को पहचानने में बहुत अच्छे होते हैं। वे अपने विषय पर लिखी गई किताबों से परिचित होंगे। वे प्रतिभागी के अपने काम और साहित्यिक चोरी वाले काम के बीच शैली में बदलाव का भी पता लगा पाएंगे।

आपको संदर्भ देना होगाः

1 उद्धरण (कोटेश्नस)

2 चित्र, सांख्यिकीय(स्टेटिस्टीकल) जानकारी, नक्शे, आदि।

3 जिस काम का उल्लेख किया गया है लेकिन सीधे कोट नहीं किया गया है।

8. यात्रा बरकरार रखना

जैसे–जैसे आप अपनी पढ़ाई करेंगे, आप बहुत कुछ पढ़ेंगे और सोचेंगे। हम नई जानकारी की मात्रा से आसानी से घिर सकते हैं और जिन नए विचारों का हम सामना कर रहे हैं, उनसे अभिभूत हो सकते हैं।

नज़र बनाए रखने के लिए कुछ सुझावः

1. समझदार मार्गदर्शक

किसी ऐसे व्यक्ति या लोगों के समूह को पहचानें जिन पर आप भरोसा करते हैं, जिनसे आप समय–समय पर मिलकर अपनी सोच और भावनाओं पर बात कर सकें। अधिकतर लोग मदद के लिए पूछे जाने पर बहुत खुश होते हैं!

[1] रेडमैन, पीटर (2002) गुड एस्से राइटिंग। दूसरा संस्करण, लंदन, सेज/द ओपन यूनिवर्सिटी।

2. आध्यात्मिक आदतें

परमेश्वर आप में काम कर रहा है और बदलाव के समय में हमें अपने जीवन को अच्छी नींव पर आधारित करने की ज़रूरत है – अर्थात खुद को उसमें स्थापित करना। अपनी प्रार्थना, आराधना और बाइबिल पढ़ने की आदतों की समीक्षा करें – सुनिश्चित करें कि आपके पास उस एक के साथ ''रहने'' के लिए कुछ समय हो, जो आपको जानता है और दूसरों से बढ़कर आपसे प्रेम करता है।

3. आराम और मज़ा

विश्वास की यात्रा जीवन को बेहतर बनाने वाली होनी चाहिए, इसलिए सुनिश्चित करें कि आप जितनी बार हो सके छुट्टी, मज़ा करने और आराम के लिए समय निकालें!

संदर्भ और जानकारी के अन्य स्रोत।

कॉटरेल, स्टेला (1999) द स्टडी स्किल्स हैंडबुक, बेसिंगस्टोक, पालग्रेव।

रेडमैन, पीटर (2002) गुड एस्से राइटिंग। दूसरा संस्करण, लंदन, सेज/द ओपन यूनिवर्सिटी।

रोनट्री, डेरेक, (2001) लर्न हाऊ टू स्टडी। चौथा संस्करण, लंदन, वार्नर बुक्स।

एस्टली, जे., एड. (2000)। लर्निंग इन द वेः रीसर्च एंड रिफलेक्शन आन एडलट क्रिस्चीयन एजुकेशन। लियोमिंस्टर, ग्रेसविंग।

जैक्स, डेविड। गिली सैल्मन। लर्निंग इन ग्रुपस। चौथा संस्करण। लंदन, रूटलेज (2007)